प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

7 मई 2021

लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के लिए विशेष दीर्घावधि रेपो परिचालन (एसएलटीआरओ)

लघु वित्त बैंक (एसएफ़बी) व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को अंतिम ऋण की आपूर्ति में एक वाहक के रूप में कार्य करके एक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। 05 मई 2021 को श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) के वक्तव्य में घोषणा किए अनुसार, लघु कारोबारी इकाइयों, सूक्ष्म और लघु उद्योगों और अन्य असंगठित क्षेत्र की संस्थाओं, जो महामारी की वर्तमान लहर के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए, को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे एसएफ़बी, जिसे प्रति उधारकर्ता को ₹10 लाख तक के नए ऋण प्रदान करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा, के लिए रेपो दर पर ₹10,000 करोड़ के विशेष तीन वर्षीय दीर्घावधि रेपो परिचालन (एसएलटीआरओ) का आयोजन किया जाए। यह सुविधा 31 अक्तूबर 2021 तक उपलब्ध रहेगी।

2. तदनुसार, रिज़र्व बैंक प्रत्येक माह एसएलटीआरओ के लिए एक नीलामी आयोजित करेगा। पहली नीलामी 17 मई 2021 को ₹10,000 करोड़ के लिए आयोजित की जाएगी। ₹10,000 करोड़ की अधिसूचित राशि के अप्रयुक्त हिस्से को प्रत्येक बाद की नीलामी में, पूरी तरह से उपयोग किए जाने तक या अंतिम नीलामी तक, जो भी पहले हो, आगे बढ़ाया जाएगा।

3. योजना के तहत नीलामी का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	तारीख	अधिसूचित राशि (₹ करोड़)	कार्यकाल	समयावधि	प्रत्यावर्तन की तारीख
1	17 मई 2021	10,000	3-वर्ष	पूर्वाह्न 11:00 से पूर्वाह्न 11:30	16 मई 2024
2	15 जून 2021	पिछली नीलामी (यों) से ₹10,000 करोड़ में से अप्रयुक्त हिस्सा	3-वर्ष	पूर्वाह्न 11:00 से पूर्वाह्न 11:30	14 जून 2024
3	15 जुलाई 2021		3-वर्ष	पूर्वाह्न 11:00 से पूर्वाह्न 11:30	12 जुलाई 2024
4	17 अगस्त 2021		3-वर्ष	पूर्वाह्न 11:00 से पूर्वाह्न 11:30	16 अगस्त 2024
5	15 सितंबर 2021		3-वर्ष	पूर्वाह्न 11:00 से पूर्वाह्न 11:30	13 सितंबर 2024
6	14 अक्तूबर 2021		3-वर्ष	पूर्वाह्न 11:00 से पूर्वाह्न 11:30	11 अक्तूबर 2024

4. योजना के अन्य परिचालन दिशानिर्देश / विवरण अनुबंध -1 में दिए गए हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/181